नैतिक उत्कृष्टता:

जिम्मेदार बैंकिंग के प्रति हमारा दृष्टिकोण

विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ावा देना: अच्छी प्रथाओं और ग्राहक केंद्रित विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हम बेहतरीन वित्तीय उत्पाद और सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और जब भी और जहां भी उपभोक्ताओं को आवश्यकता होती है हम उन्हें सेवाएं प्रदान करते हैं. हम उत्तरदायी है यह सुनिश्चित करने हेतु कि सभी बाज़ारों में सभी उपभोक्ताओं तक हमारे उत्पाद और सेवाएँ पहुँच रहे हैं और सही प्रकार के ज़िम्मेदार उत्पाद और सेवाएं ही प्रदान किया जा रहा है. हम, यथोचित मूल्य उत्पादों को प्रदान करते हुए उपभोक्ताओं के बेहतरीन हित के लिए कार्य करते हैं, उनको स्पष्ट शर्तों और प्रकटीकरण से संबंधित सूचना देते हैं और अच्छी और स्थिर सेवा प्रदान करते हैं. ऐसे करने पर हम ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संबंध बना सकते हैं और उन्हें बढ़ने हेतु अपनी ज़िम्मदारी की भी पूर्ति कर सकते हैं.

हम अपने उपभोक्ताओं के बेहतरीन हित के लिए कार्य करते हैं जिससे उनके साथ दीर्घ कालित संबंध स्थापित होता है और उन्हें समृद्ध बनाने में सहायता मिलती है.

172

प्रशिक्षण कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2023 में आयोजित किए गए जिसमें 703 कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की.

>66,000

कार्यबल को प्रशिषण देने में ज्ञानार्जन घंटे का निवेश यूनियन लर्निंग अकादमी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023 में किया गया.

ईमानदार कारोबार प्रथाएँ

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में हम अपने ग्राहकों के सर्वोत्तम हित के लिए कार्य करते हैं. हमारे सभी कार्यों में ग्राहकों को केंद्र बनाने हेतु अच्छे और ईमानदार कारोबार प्रथाएं अनिवार्य हैं. अनैतिक कारोबार प्रथाओं को सख्त रूप से वर्जित है और इसके अलावा, यह हमारे कोर मूल्यों के साथ संगत नहीं हैं. हम, गैर अपमानजनक और लूट रोधी ऋण प्रथाओं को कायम रखने के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं. जाति, जातीयता, रंग, धर्म, महिला या पुरुष, आयु, वैवाहिक स्थिति,यौन रुझान, विकलांगता, सार्वजनिक सहायता की प्राप्ति, पारिवारिक स्थिति के संबंध में ध्यान न देते हुए ऋण निर्णय लिए जाते हैं या उपभोक्ताओं के ऋण सुरक्षा अधिकारों पर ध्यान दिया जाता है.

बैंक के बोर्ड और उनकी समितियां, उद्यम वार कार्यनीतियों और नीतियों के मार्गदर्शन हेतु उत्तरदायी हैं.ऐसी कार्यनीतियों और नीतियों के साथ उपभोक्ता और कारोबार के वाणिज्यिक संबंध के प्रति उच्च स्तरीय निर्देश हेतु समितियां सहायता करती हैं. समितियों को कार्पोरेट संस्कृति को बढ़ावा देना है जिससे यूनियन बैंक के विधि और विनियमों के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट होती है जो अनैतिक, भेदभावपूर्ण या हिंसक कार्यों और प्रथाओं का निषेध करते हैं तथा बुरा, भ्रामक या अपमानजनक कार्य या प्रथाओं पर भी रोक लगाती है.

इसके अतिरिक्त, बैंक, कर्मचारियों और ठेकेदारों को वार्षिक आधार पर शिकायत प्रबंधन, वित्तीय अपराध अनुपालन प्रशिक्षण, वित्तीय दुरुपयोग, कपट का निवारण और 'सहीकार्य करना' सहित अनुपालन प्रशिक्षण की पूर्ति करने की अपेक्षा करते हैं. वित्त वर्ष 2023 में 172 देशीय बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया है जिसमें 703 कर्मचारियों ने भाग लिया है और 7 विदेशी कार्यक्रमों का आयोजन किया है जिसमें 43 कर्मचारियों ने भाग लिया. कुल 1171 अवधि कार्यक्रमों का आयोजन किया है जिसमें 45965 कर्मचारियों और 290 अल्पावधि कार्यक्रमों का आयोजन किया है जिसमें 39414 कर्मचारियों ने भाग लिया. सभी यूएलए द्वारा कुल 136 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है और वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3500 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है.यूएलए द्वारा विभिन्न नए युगीन निपुणता में प्रतिभागियों के प्रवीणता स्तर को बढ़ाने हेतु 66000 से अधिक के ज्ञानार्जन घंटों का प्रशिक्षण दिया गया.

वित्तीय वर्ष 22-23 के दौरान कुल 14 अग्रिम प्रशिक्षण कार्यक्रम और 20 कार्यात्मक/कोर प्रशिक्षण कार्यक्रमों को विकसित किया गया. इसके अलावा संकाय सदस्यों द्वारा 28 केस स्टडीज को भी विकसित किया गया.

बैंक के विपणन विभाग का मिशन बैंक के ब्रांड को पूर्ण रूप से सक्रिय करते हुए ग्राहक केंद्रित वृद्धि का समर्थन करना है. मार्केटिंग प्रोफशनलों को प्रेरित किया गया है कि ग्राहकों के लिए क्या सही करना है और उन्हें सभी निर्णयों के केंद्र में रखना है.

कैसे हमारा वित्त पोषण विकास लक्ष्यों का समर्थन करता है

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,साझा वैश्विक प्राथमिकताओं के रूप में सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को 2030 तक अभिनिर्धारित करने की प्रक्रिया में है. इसका संबंध सकारात्मक मानवीय, सामाजिक और पर्यावरण तत्वों के साथ है और इसे प्रतिबद्धित कार्य और बहुपक्षीय सहयोग के द्वारा ही प्राप्त किया जाता है. हमारा मानना है कि कारोबार, सरकार, समाज और अन्य हितधारकों को 2030 के एजेंडा को वास्तविकता में परिवर्तित करने हेतु मिल जुलकर काम करना एक अनिवार्यता बन गई है. बैंक अपनी भूमिका निभाने में और अपने लक्ष्यों की डिलिवरी के समर्थन हेतु अपने हितधारकों के साथ साझेदार के रूप में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है.

हमारे सामाजिक और पर्यावरणीय वित्तपोषण, सभी क्षेत्रों के कारोबार को कवर करते हैं. स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों, शैक्षणिक संस्थाओं, सस्ती आवास परियोजनाओं और हरित संरचनात्मक परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के ज़रिए सकारात्मक सामाजिक और पर्यावरणीय योगदान, जनरेट होता है. इन कार्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करने से एसडीजी की प्रगति का भी समर्थन होता है.

हमारे स्थिर वित्तीय ढांचे के विस्तृत अपडेट के हिस्से के रूप में हम अपने ढांचे को अद्यतन करने और दिए गए एसडीजी लक्ष्यों के विश्लेषण के ज़रिए समर्थित एसडीजी पर सही रूप में सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया में है. जैसे कि बेहतरीन सूचना उपलब्ध होने पर हम अधिक विस्तृत जानकारी प्रदान करने हेतु अपने कार्यप्रणालियों को अधिक परिशोधित करेंगे.